पंजाब केसरी 22/02/2023

# 'भारतीय ज्ञान परंपरा का परिभाषिकरण' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

अम्बाला छावनी, 21 फरवरी (कोचर): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के हिंदी, संस्कृत और पंजाबी विभाग ने भारतीय ज्ञान परंपरा का परिभाषिकरण विषय पर हरियाणा ग्रंथ अकादमी के सहयोग से मंगलवार को एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया।



*मुख्य वक्ता को सम्मानित करते कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकगण। (चंद्रमोहन)*

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी विद्वानों का स्वागत करते हुए कहा कि मातृभाषाएं हमारे जीवन का आधार हैं, इन्हीं से हमारा जीवन पल्लवित व पुष्पित होता है। संस्कृत विभागाध्यक्ष डा. राजेंद्रा, डा. सीमा कंसल ने भारतीय परंपरा से सभी को उत्तरीय वस्त्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

हिंदी विभागाध्यक्ष डा. रितु गुप्ता ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। वक्ता डा. रमाकांत अंगीरस ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर विस्तार से बताते हुए वेद, उपनिषद शास्त्रों के ज्ञान को साधारण शब्दों में समझाने की कोशिश की। पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के हिंदी विभागाध्यक्ष डा. बैजनाथ ने शास्त्र और संपर्क के मर्म को समझाने का प्रयास किया।